# महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

राष्ट्रीय राजमार्ग न.15, जैसलमेर रोड, बीकानेर

विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न सेवाओं यथा जेनरेटर हेतु वार्षिक दर संविदा की शर्तें

1. विश्वविद्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा प्रपत्र पर प्रत्येक मद की पृथक-पृथक दर देनी होगी । अन्य किसी फार्म/कागज पर भेजी गई निविदा अस्वीकार होगी। जिस मद में निविदा भरी जावे उसके लिए अनुमानित लागत की दो प्रतिशत की दर से धरोहर राशि निविदा के साथ लगानी होगीं ।
2. किसी प्रकार की प्रति–शर्त ( काउन्टर कंडीशन ) मान्य नही होगी।
3. धरोहर राशि के बिना निविदा प्रपत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।
4. निविदा में अंकों एवं शब्दों में दर प्रस्तुत की जावे एवं अंकित दर में किसी प्रकार की काट–छांट नही होनी चाहिए। किसी कारण काट–छांट की गई तो उस पर पूरे हस्ताक्षर निविदादाता के होना आवश्यक है अन्यथा उसके अभाव में निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
5. मांग पर सप्लाई न करने पर प्रतिभूति राशि ज़ब्त कर ली ज़ायेगी ।
6. विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी प्रकार की पेशगी (अग्रिम) नहीं दी जावेगी ।
7. समस्त सामान की सुरक्षा व्यवस्था स्वयं ठेकेदार को करनी होगी ।
8. विश्वविद्यालय की आवश्यकता एवं आदेशनुसार चाहा गया सामान निविदाकार के व्यवसायिक स्थल से उपयोग स्थल तक लाने ले जाने का, लगाने एवं हटाने/समटने एवं सम्पूर्ण सुरक्षा का दायित्व निविदादाता का होगा । विश्वविद्यालय द्वारा उक्त कार्यों के लिये किसी भी प्रकार किराया भाडा एवं मजदूरी /अतिरिक्त राशि देय नहीं होगी । कार्य /सेवा में विलम्ब एवं अव्यवस्था होने पर बिल राशि की 10% तक शास्ति आरोपित की जायेगी ।
9. दरें समस्त कर सहित एफ.ओ.आर होगी । अलग से किसी प्रकार का कोई कर/वैट/शुल्क आदि देय नहीं होगा ।
10. समस्त व्यवस्थाओं का कार्यक्रम की दिनांक का ही किराया देय होगा । एक दिन पहले अथवा एक दिन बाद का देय नही होगा।
11. समस्त व्यवस्थाओं का प्रभारी अधिकारी/कार्यक्रम समिति द्वारा निरीक्षण किया जाएगा तथा फर्म द्वारा निर्देशानुसार ही कार्य संपादित किया जाएगा ।

12. विश्वविद्यालय में स्थापित जनरेटर के रखरखाव एवं संचालन की दरें कार्यालय समय (प्रातः 10:00 बजे से सांय: 05:00 बजे) के लिए दी जानी है ,तथापि विश्वविद्यालय की आवश्यकतानुसार कार्यालय समय से पूर्व/उपरान्त भी संचालन किया जाना अनिवार्य है । अतिरिक्त समय में जनरेटर संचालन हेतु प्रभारी अधिकारी के प्रमाणन के आधार पर अनुपातिक दर (प्रति घंटा) की 50% राशि का भुगतान किया जाएगा ।

13. दरें एक वर्ष के लिए अनुमोदित की जायेंगी, जिसे आपसी सहमती से घटाया/ बढाया जा सकता है विश्वविद्यालय की मांग एवं आवश्यकता अनुसार समय-समय पर आपूर्ति करनी होगी ।

14. फर्म द्वारा कार्यक्रम दिवस पर समुचित व्यवस्था न करने पर स्थानीय बाज़ार से निविदाकार की रिस्क एंड कास्ट पर अन्य फर्म से कार्य करवाया जा सकेगा, जिससे होने वाले नुकसान की भरपाई निविदा दाता को करनी होगी ।

15. जनरेटर /सेवा आपूर्ति का भुगतान प्रभारी अधिकारी के प्रमाणन उपरान्त किया जाएगा_ ।

16. कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की टूट फूट या क्षति के लिए निविदादाता उत्तरदायी होगा ।

17. दरें अनुमोदित होने पर सफल निविदादाता द्वारा जमा कराई गई धरोहर राशि समायोजन करने के पश्चात् बकाया प्रतिभूति राशि 3 % जमा कराते हुए नियमानुसार राशि के नॉन ज्युडिशिअल स्टाम्प पर सात दिवस के अंदर–अंदर अनुबंध निष्पादित करना अनिवार्य होगा।

18. सक्षम प्राधिकारी समस्त अथवा किसी भी निविदा को बिना कारण बतलाए अस्वीकृत करने अथवा अधिक अधिक मदों हेतु आमंत्रित निविदा में एक से अधिक निविदा दाताओं को विभिन्न मदों में न्यूनतम होने पर पृथक-पृथक दर स्वीकृत की जा सकती है ।

19. सम्बंधित व्यवसाय में पंजीकृत/कार्यरत/अनुभवी फर्म ही निविदा में भाग लें I अनुभवी फर्मों को प्राथमिकता दी जावेगी ।

20. **धरोहर राशिः–**

(i) निविदा के साथ धरोहर राशि नकद या डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक (कुलसचिव, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के पक्ष में) के द्वारा जमा होनी चाहिए जिसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ii) धरोहर राशि निविदा के अंतिम रूप से स्वीकार किये जाने एवं अनुबंध हो जाने के बाद यथाशीघ्र विफल निविदादाता को प्रत्यार्पित कर दी जायेगी। सफल निविदाकार को करार के समय सामग्री मूल्य की पॉच प्रतिशत राशि प्रतिभूति के रूप में जमा करानी होगी, जिसमें उनके द्वारा जमा धरोहर राशि का समायोजन कर लिया जावेगा शेष प्रतिभूति राशि भी नकद/डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करानी होगी। धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

